पंजाब केसरी 30/08/2023

जी.एम.एन. कालेज में व्यवसाय नमूना निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन

प्रतियोगिता व नैशनल स्पोर्ट्स–डे में विजेता रहे छात्रों के साथ कालेज प्राचार्य। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 29 अगस्त (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज के कॉमर्स विभाग ने व्यवसाय नमूना निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 50 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे सैमीनार हॉल में शुरू हुआ जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नए व्यावसायिक विचारों और वर्तमान व्यावसायिक माहौल के बारे में जागरूक करना रहा।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को नए व्यावसायिक विचारों से प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता की संयोजिका डा. अनुराधा ने छात्र–छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। राममूर्ति, डा. पिंकी गुप्ता और डा. रवनीत कौर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पहला स्थान गरिमा, वंश, तनवीर सिंह, दूसरा स्थान सर्व, ध्रुव और तीसरा स्थान कणिका, तनिशा का आया।

उधर, कालेज में मंगलवार को नैशनल स्पोर्ट्स–डे मनाया गया। मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बैडमिंटन मैच प्रतियोगिता करवाई गई। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के लिए खेल एक औषधि का काम करता है।

विभागाध्यक्ष डा. बृजेश कुमार ने कहा कि आज अनेक खिलाड़ी विश्व पटल पर स्वयं को अंकित किए हुए हैं और हमारे युवाओं के लिए प्रेरक एवं ऊर्जा के स्रोत हैं। इस प्रतियोगिता में 29 छात्र और 22 छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम विजेता अंशु, द्वितीय बलजिंदर और तृतीय प्रतीक रहे। छात्राओं में प्रथम मोनी, द्वितीय अंजलि तृतीय मुस्कान रहे।